Total Pages : **16**

# 43

## Compulsory Paper

## General Hindi - III

## सामान्य हिन्दी - III

Time : **3** Hours — Maximum Marks : **200**

### IMPORTANT NOTES / महत्वपूर्ण निर्देश

(A) Please fill up the OMR Sheet of this Question Answer Booklet properly before answering. Please also see the directions printed on the obverse before filling it.
प्रश्नोत्तर पुस्तिका में प्रश्न हल करने से पूर्व उसके संलग्न ओ.एम.आर. पत्रक को भली प्रकार भर लें । उसे भरने हेतु उसके पृष्ठ भाग पर मुद्रित निर्देशों का अध्ययन कर लें ।

(B) The question paper has been divided into three Parts - **A, B** and **C**. The number of questions to be attempted and their marks are indicated in each part.
प्रश्न–पत्र अ, ब और स तीन भागों में विभाजित है । प्रत्येक भाग में से किये जाने वाले प्रश्नों की संख्या और उनके अंक उस भाग में अंकित किये गये हैं ।

(C) Attempt answers in **Hindi**.
उत्तर हिन्दी भाषा में दीजिये ।

(D) Answers to all the questions of each part should be written continuously in the script and should not be mixed with those of other parts. In the event of candidate writing answers to a question in a part different to the one to which the question belongs, the question will not be assessed by the examiner.
उत्तर पुस्तिका में प्रत्येक भाग के समस्त प्रश्नों के उत्तर क्रमवार देने चाहिये तथा एक भाग में दूसरे भाग के उत्तर नहीं मिलाने चाहिये । एक भाग में दूसरे भाग के प्रश्न के उत्तर लिखे जाने पर ऐसे प्रश्न को जाँचा नहीं जा सकता हैं ।

(E) The candidates should not write the answers beyond the limit of words prescribed in parts **A, B** and **C** failing this the marks can be deducted.
अभ्यर्थियों को भाग अ, ब और स में अपने उत्तर निर्धारित शब्दों की सीमा से अधिक नहीं लिखने चाहिये। इसका उल्लंघन करने पर अंक काटे जा सकते हैं ।

(F) **In case the candidate makes any identification mark i.e. Roll No./Name/Telephone No./Mobile No. or any other marking either outside or inside the answer book, it would be treated as resorting to using unfair means. In such a case his candidature shall be rejected for the entire examination by the Commission.**
अभ्यर्थी द्वारा उत्तर पुस्तिका के अंदर अथवा बाहर पहचान चिन्ह यथा – रोल नम्बर / नाम / मोबाईल नम्बर / टेलीफोन नम्बर लिखे जाने या अन्य कोई निशान इत्यादि अंकित किये जाने को अनुचित साधन मान जायेगा। आयोग द्वारा ऐसा पाये जाने पर अभ्यर्थी की सम्पूर्ण परीक्षा में अभ्यर्थिता रद्द कर दी जायेगी ।

## भाग – अ

अंक – 50

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए । प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने अंकित हैं ।

1 (क) निम्नांकित शब्दों में संधि कीजिए : 2

महा+ऐश्वर्य ____________________

धनुः+टंकार ____________________

(ख) निम्नांकित शब्दों में संधि विच्छेद कीजिए : 2

देव्यालय ____________________

सरोज ____________________

2 (क) निम्नांकित शब्दों से सामासिक पद रचना कीजिए : 2

अधः की ओर है जिसका मुख

____________________

पाँच नदियों का समूह

____________________

(ख) निम्नांकित पदों का समास विग्रह कीजिए : 2

चक्रधर ____________________

युद्धाभ्यास ____________________

3 (क) निम्नांकित प्रत्येक उपसर्ग से दो-दो शब्दों की रचना कीजिए : 2

अप ____________ ____________

प्रति ____________ ____________

(ख) निम्नांकित शब्दों में प्रयुक्त उपसर्गों को अलग कीजिए : 2

निर्विकार ____________________

स्वागत ____________________

4 (क) निम्नांकित प्रत्ययों से दो–दो शब्दों की रचना कीजिए : 2

इक ____________ ____________

तर ____________ ____________

(ख) निम्नांकित शब्दों में से मूल शब्द और प्रत्यय को पृथक् कीजिए : 2

विषैला ____________________

राष्ट्रीय ____________________

5 (क) निम्नांकित शब्दों के दो–दो पर्यायवाची शब्द लिखिए : 3

अग्नि ____________ ____________

केश ____________ ____________

पुत्री ____________ ____________

(ख) निम्नांकित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए : 3

ऐहिक ____________________

गोपन ____________________

अतिवृष्टि ____________________

6 निम्नांकित शब्द युग्मों का अर्थ स्पष्ट कीजिए : 4

अजय–अजया

____________________

____________________

प्रचार–प्राचार

____________________

____________________

अंश--अंशु

____________________

____________________

ब्याज--व्याज

____________________

____________________

7 निम्नांकित वाक्यांशों के लिए एक–एक सार्थक शब्द लिखिए : 4

(i) जिसका कोई आकार न हो। ____________

(ii) जिसका कोई शत्रु न जनमा हो । ____________

(iii) जो ईश्वर को न मानता हो । ____________

(iv) जहाँ पहुँचा न सके । ____________

8 निम्नांकित शब्दों को शुद्ध रूप में लिखिए : 4

उज्वल ______________________

तदोपरान्त ______________________

इतिहासिक ______________________

मीष्ठान ______________________

9 निम्नांकित वाक्यों को शुद्ध रूप में लिखिए : 4

(i) आप अपने संकल्प के शब्दों से डिगें नहीं ।

______________________

(ii) राम सायंकाल के समय तक वापस लौट आएगा ।

______________________

(iii) आज मंत्री स्वार्थ की भावना से काम करते हैं ।

______________________

(iv) हम तो आपके भरोसे जिन्दा हैं ।

______________________

10 निम्नांकित मुहावरों का वाक्यों में सार्थक प्रयोग कीजिए : 4

(i) अपना उल्लू सीधा करना

______________________

______________________

(ii) कदम उखड़ जाना

______________________

______________________

(iii) तलवे चाटना

______________________

______________________

(iv) पंख उग आना

______________________

______________________

11 निम्नांकित लोकोक्तियों का आशय सार्थक वाक्यों में प्रयोग कर स्पष्ट कीजिए : 4

(i) खिसियानी बिल्ली खंभा नोंचे ।

(ii) अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ सकता ।

(iii) कंगाली में आटा गीला ।

(iv) चन्द्रमा को ग्रहण लगना ।

12 प्रशासन से सम्बन्धित अंग्रेजी शब्दों के समानार्थी हिन्दी शब्द लिखिए : 4

(i) INTERIM RELIEF ________

(ii) FORWARDING NOTE ________

(iii) SURCHARGE ________

(iv) EXECUTION ________

(v) PROBATION PERIOD ________

(vi) TRANSPORTATION ________

(vii) REHABILITATION ________

(viii) AGENDA ________

**भाग – ब** **अंक – 100**

नोट : समस्त प्रश्नों के उत्तर दीजिए । प्रत्येक प्रश्न के सामने अंक दिए गए हैं । जहाँ शब्द सीमा निर्धारित है उसका पालन करें ।

13 आधुनिक मानव समाज में एक ओर विज्ञान को भी चकित कर देने वाली उपलब्धियों से निरन्तर सभ्यता का विकास हो रहा है तो दूसरी ओर मानव मूल्यों का ह्रास होने से समस्या उत्तरोत्तर गूढ़ होती जा रही है । अनेक सामाजिक और आर्थिक समस्याओं का शिकार आज का मनुष्य, विवेक और ईमानदारी को त्यागकर भौतिक स्तर ऊँचा उठाने का प्रयत्न कर रहा है । वह सफलता पाने की लालसा में उचित और अनुचित की चिन्ता नहीं करता । उसे तो बस साध्य पाने की प्रबल इच्छा रहती है । ऐश्वर्य की प्राप्ति के लिए भयंकर अपराध करने में भी संकोच नहीं करता । वह इनके नित नए–नए रूपों की खोज करने में अपनी बुद्धि का अपव्यय कर रहा है । आज हमारे सामने यह प्रमुख समस्या है कि इस अपराध–वृद्धि पर किस प्रकार रोक लगाई जाए। सदाचार, कर्तव्य–परायणता, त्याग आदि नैतिक मूल्यों को तिलांजलि देकर समाज के सुख की कामना करना स्वप्न मात्र है ।

(i) उपर्युक्त अवतरण का उपयुक्त शीर्षक चुनते हुए एक तिहाई शब्दों में इसका संक्षिप्तीकरण करें । **12**

(ii) आज समाज में किन मूल्यों का ह्रास हो रहा है ? (शब्द सीमा 20) **3**

(iii) भौतिक स्तर ऊँचा उठाने के लिये मनुष्य क्या कर रहा है ? (शब्द सीमा 20) **3**

(iv) समाज का सुख किन मूल्यों पर आधारित है ? (शब्द सीमा 15) **2**

**14** निम्नांकित कथन का भाव विस्तार कीजिए : (शब्द सीमा 200) **20**

भाग्यवाद आवरण पाप का और शस्त्र शोषण का ।
जिसमें रखता दबा एक जन भाग दूसरे जन का ॥

15 अपने जिलाधिकारी को वन्य जीवों के संरक्षण हेतु तथा पेड़ों की अवैध कटाई रोकने के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही करने के लिए पत्र लिखिए । (शब्द सीमा 150) 20

16 (क) कार्यालय का व्यय घटाने सम्बन्धी कार्यालय आदेश जारी कीजिए । 10

(ख) स्पष्ट कीजिए : (उदाहरण सहित) 10

(i) परिपत्र

(ii) अधिसूचना

17 निम्नांकित अंग्रेजी अवतरण का हिन्दी में अनुवाद कीजिए । 20

One of the most pressing problems facing the country is the development of a national outlook overriding parochial religious and linguistic considerations. In this task the Universities can and should play a decisive part. A national outlook and purpose have to be deliberately cultivated by the pursuit of a policy of seeking national ends rather than legal interests. In this sphere much has to be done as many things have happened in recent years which are likely to cause harm to the unity of our country. It has also be borne in mind that a regional culture can not be promoted to the status of a national culture.

भाग – स

अंक – 50

नोट : निम्नांकित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग **500** शब्दों में निबन्ध लिखिए ।

**18** (क) आधुनिक शिक्षा और शिक्षार्थी
(ख) भ्रष्टाचार : कारण और निवारण
(ग) पर्यावरण संरक्षण : दशा और दिशा
(घ) नारी सशक्तीकरण
(ङ) मूल्य वृद्धि : समस्या और समाधान

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह